जालंधर, शुक्रवार 17 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247

वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com



**सुविचार**
इंसान की आदत है नहीं मिले तो सब्र नहीं करता
और मिल जाएं तो कद्र नहीं करता

# तप रहा पंजाब : 44.5 डिग्री पहुंचा पारा

## आज से हीट वेव का प्रकोप, अगले तीन दिन के लिए भी अलर्ट जारी



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में सूरज आग उगल रहा है। बुधवार राज्य में सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। समराला में पारा 44.5 डिग्री पर पहुंच गया था। वहीं आज से प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट है। मौसम विभाग ने 16-17 मई के लिए येलो व 18-19 के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि इस दौरान तापमान 46 डिग्री पार जा सकता है।

मौसम विभाग ने बताया कि अमृतसर समेत पंजाब के चार प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री से लेकर 4.3 डिग्री तक अधिक रहा। अमृतसर का पारा 42.0 डिग्री (सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक), लुधियाना का 41.6 (सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक ), पटियाला का 42.4 डिग्री (सामान्य से 4.3 डिग्री ऊपर), पठानकोट का 42.4, बठिंडा का 42.6 (सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक), गुरदासपुर का 40.0, एसबीएस नगर का 40.4, बरनाला का 42.4, फिरोजपुर का 42.2, जालंधर का 41.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं पंजाब के न्यूनतम तापमान में भी 1.4 डिग्री की वृद्धि देखने को मिली। फिलहाल यह सामान्य के नजदीक बना है। जालंधर का न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री रहा। इसके अलावा अमृतसर का 22.8, लुधियाना का भी 22.8, पटियाला का 22.6, पठानकोट का 22.2, बठिंडा का 23.4, फरीदकोट का 23.0, एसबीएस नगर का 22.7, बरनाला का 22.3, फिरोजपुर का 22.3 डिग्री दर्ज किया गया।

पंजाब में बुधवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया है। अगले पांच से सात दिन पंजाब में मौसम शुष्क बना रहेगा, जिससे तापमान में और बढ़ोतरी होगी। वीरवार से हीट वेव चलेंगी। पंजाब का मालवा क्षेत्र सीवियर हीट वेव की चपेट में अधिक रहेगा। बच्चों व बुर्जुगों को हीट वेव से बचने की विशेष रूप से सलाह दी गई है।

**-एके सिंह, निदेशक, मौसम विभाग, चंडीगढ़।**

## भीषण गर्मी से राहत के लिए गहरे पानी में कूदे चार बच्चे, दो की डूबने से मौत; इलाके में मची चीख पुकार



**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** गुरुवार की दोपहर भारू रोड पर स्थित वाटर वर्क्स की डिग्गियों में नहाने गईं दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई जबकि दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

मृतक बच्चियों की पहचान मधू (13) पुत्री गोपाल व प्रीति (12) पुत्री सुरिंदर कुमार निवासी भारू चौक गिद्दड़बाहा के रूप में हुई हैं।

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए आठ में से चार बच्चे गहरे पानी में उतरे थे परंतु तैरना नहीं आने से दो बच्चियां पानी में डूब गईं। उधर, घटना स्थल पर पहुंची थाना गिद्दड़बाहा पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल गिद्दड़बाहा में भेज दिया है।

**भीषण गर्मी से बचने के लिए नहाने गए थे बच्चे :** जानकारी के अनुसार गिद्दड़बाहा के भारू चौंक के पास स्थित झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले परिवारों के आठ बच्चे वाटर वर्क्स में लगे पेड़ से आम तौर के बहाने में घुसे।

इस दौरान भीषण गर्मी से बचने के लिए एक 12 साल का बच्चा अपने साथी को साथ लेकर पानी की डिग्गी में नहाने के लिए चला गया। जिसके बाद उसके पीछे छह और साथी बच्चे आ गए और पानी की डिग्गी के किनारे पर पहुंच गए।

### बच्चों को नहीं आता था तैरना

तीन नाबालिग लड़कियों मधू (13), प्रीति (12) व मधू (14) सहित चार बच्चे पानी में उतर गए। पानी काफी गहरा था और बच्चों को तैरना नहीं आता था। जिसके चलते मधू पुत्री गोपाल व प्रीति पुत्री सुरिंदर कुमार पानी में डूब गईं। साथी बच्चों ने शोर मचाया तो पास की पार्क में बैठे युवकों ने आकर दो बच्चों को पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### डीएसपी व तहसीलदार सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी जसबीर सिंह पन्नू, इंस्पेक्टर परमजीत कुमार कंबोज व तहसीलदार कंवलदीप सिंह बराड़ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू टीम की सहायता से डूबी दोनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गए। डीएसपी पन्नू ने बताया कि मृतक बच्चियों के शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल गिद्दड़बाहा में रखवा दिए हैं।

मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वाटर सप्लाई व सीवरेज बोर्ड के एसडीओ राकेश मोहन मक्कड़ ने कहा कि बच्चे वाटर वर्क्स के मुख्य गेट के बजाए अन्य रास्ते से दाखिल हुए होंगे। जिसके चलते कर्मचारियों का ध्यान नहीं पड़ा। अन्यथा ऐसी अप्रिय घटना नहीं होती।

## स्वाति मालीवाल ने पुलिस को बताई 13 तारीख की पूरी कहानी, दर्ज कराया अपना बयान



**नई दिल्ली :** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सीएम अरविंद केजरीवाल के घर में उनके साथ हुई मारपीट के मामले में लंबे इंतजार के बाद आखिर गुरुवार को अपनी लिखित शिकायत दे दी है. उन्होंने सीएम हाउस की लॉबी में उनके साथ 13 मई को मुख्यमंत्री के पीए विभव द्वारा की गई मारपीट के संबंध में पूरी जानकारी दी.

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम आज दोपहर करीब 01:50 बजे स्वाति मालीवाल के घर पहुंची थी. स्पेशल सेल की टीम ने स्वाति मालीवाल की सुरक्षा व्यवस्था सहित कई मसलों पर उनसे बात की. मालीवाल से जुड़े मामले में अभी तक कोई FIR दर्ज नहीं की गई है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आज स्वाति मालीवाल की सुरक्षा व्यवस्था के मसले पर चर्चा की गई. करीब चार घंटे तक स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वाति मालीवाल के घर में उनसे बातचीत की. स्वाति मालीवाल के साउथ दिल्ली स्थित आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. स्वाति मालीवाल के आवास के बाहर अर्ध सैनिक बल के चार जवानों को फिलहाल तैनात किया गया है.






आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in



# गोवंश की हो रही मौतें... डायट मनी के नाम पर हो रहा घपला

## गो सेवा कमिशन के चेयरमैन ने प्रशासन पर उठाए सवाल

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** जिला प्रशासन की तरफ से गांव हररायेपुर में चलाई जा रही गोशाला में लगातार गोवंश की हो रही मौतों के बाद वीरवार को गो सेवा कमिशन के चेयरमैन अशोक सिंगला ने हररायेपुर गोशाला का दौरा किया।

इस दौरान शहर की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गोशाला के कुप्रबंधन को लेकर प्रशासन की तरफ से किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने का मामला भी उठाया।



### गोवंश की डाइट मनी पर खड़े किए गए सवाल

वहीं मौके पर गोशाला प्रबंधन की तरफ से गोवंश की डाइट मनी के लिए काउ सेस फंड हासिल करने हेतु भेजे जाने वाली जानकारी पर भी सवाल खड़े किए गए। इस दौरान नौजवान वेलफेयर सोसायटी के प्रधान सोनू महेश्वरी ने बताया कि गो सेवा कमिशन के चेयरमैन के सामने हाल ही में गौशाला प्रबंधन की तरफ से डाइट मनी के लिए आवेदन नगर निगम को दिया है। इसमें 967 गायों के लिए डाइट मनी जारी करने के लिए कहा गया है।

### नगर निगम को किया जा रहा गुमराह

संस्था वर्करों ने जब मौके पर जाकर गोवंश की गिनती की, तो वहा 766 गोवंश था। इस तरह से करीब 201 गोवंश की अतिरिक्त डाइट मनी मांगी गई है। संस्था वर्करों ने कहा कि जिला प्रशासन व नगर निगम को गुमराह कर 201 अतिरिक्त गोवंश दिखाए जा रहे हैं। इसमें 19 अप्रैल 2024 को भी एक रिपोर्ट गोशाला की तरफ से भेजी गई थी, जिसमें 967 गोवंश गौशाला में बताए गए। इसमें एक माह के अंदर ही पशुओं की तादाद 766 रह गई।

### लाखों रुपयों का किया जा रहा घपला : वर्कर

इससे साबित होता है कि करीब 200 से अधिक जानवर एक माह के अंदर ही गोशाला के अंदर कुप्रबंधन के कारण मर चुके हैं व अब मरे हुए पशुओं की डाइट मनी भी हासिल कर लाखों रुपये का घपला हर माह किया जा रहा है।

उन्होंने इस बाबत चेयरमैन गो सेवा कमिश्नर के पास यह मामला उठाया, तो उन्होंने जिला प्रशासन को हिदायत दी कि वह मौके पर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को लेकर जाए व गायों की गिनती करे व गौशाला की तरफ से भेजी जा रही गलत जानकारी की पड़ताल करे।

### गंभीरता से जांच करने के आदेश जारी

वहीं गौशाला में आए दिन पशुओं की मौत के मामले आने पर भी गंभीरता से जांच करने के लिए कहा है। सोनू महेश्वरी ने कहा कि अब जिला प्रशासन कह रहा है कि वह मौके पर एनजीओ को साथ नहीं लेगे, क्योंकि इससे माहौल खराब होने की आशंका है। प्रशासन अपने स्तर पर ही मामले की जांच कर रिपोर्ट देगा। गौरतलब है कि बठिंडा की हररायेपुर गोशाला अपने निर्माण काल से ही विवादों में रही है।

यह गौशाला पहले जिला प्रशासन के अधीन थी, जिसमें आरोप लगे कि प्रशासन प्रबंधकीय व्यवस्था को सुचारु करने में नाकाम हो रहा है व इस संस्था का काम किसी संगठन को सौंप देना चाहिए। इसमें जिला प्रशासन की तरफ से पिछले साल मोगा के लोपो स्थित एक डेरे को गौशाला के प्रबंधन का काम सौंप दिया था व इस संबंध में एक बाकायदा एग्रीमेंट भी किया गया था।

### राज्य सरकार से आरोपी लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग

इस संस्था पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि वह नगर निगम से हर माह लाखों रुपये की डाइट मनी तो हासिल कर रही है, लेकिन गोशाला में रखे गोवंश की सेवा नहीं कर रहे हैं।

यहां संस्था गायों को चारा, नमक, पानी जैसी मूल सुविधा देने में भी नाकाम हो रही है, जिससे लगातार पशुओं की मौत हो रही है। इसमें संगठनों ने जिला प्रशासन, राज्य सरकार से गोवंश की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी रखी है।

इस मसले को लेकर सामाजिक संगठनों का आरोप है कि वर्तमान में शहर की दर्जनों संस्थाएं गोशाला में प्रतिदिन हरा चारा, पानी व दूसरे सेवा के लिए सामान भेज रहे हैं, जबकि जिम्मेवार लोपों की संस्था वहां रखे कुछ कर्मचारियों पर खर्च कर रही है।

यह कर्मी भी वहां रखे गए जानवरों के मुकाबले काफी कम है। वहीं लोपों की संस्था अब नगर निगम को जानवरों की गलत जानकारी देकर घपला कर रही है। उन्होंने जारी होने वाली डाउट मनी व वहां रखे जानवरों की तादाद को लेकर भी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

# प्रशांत किशोर का दावा, केजरीवाल की रिहाई से बीजेपी को नहीं, कांग्रेस को होगा नुकसान

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर का मानना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आकर लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को नहीं बल्कि कांग्रेस को नुकसान होगा।

केजरीवाल की आम आदमी पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस शामिल है। हालाँकि, पंजाब में कांग्रेस और आप एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। दोनों पार्टियां दिल्ली में मिलकर चुनाव लड़ रही हैं, जहां 7 लोकसभा सीटें हैं। तेलंगाना स्थित आरटीवी के साथ एक साक्षात्कार में प्रशांत किशोर ने कहा कि क्कपूरे भारत में चुनाव नहीं लड़ रही है। वे 22 सीटों पर लड़ रहे हैं – पंजाब में 14, दिल्ली में 7 सीटें और गुजरात में 1 सीट। अब जो भी बदलाव होना है वह इन 22 सीटों पर ही होगा। इन 22 में से 14 सीटें पंजाब में हैं जहां सीधा मुकाबला आप और कांग्रेस के बीच है। अगर पंजाब में क्क को फायदा हुआ तो ये कांग्रेस का नुकसान होगा।



किशोर ने कहा कि पंजाब में जिन 22 सीटों पर आप चुनाव लड़ रही है, उनमें से 13 सीटों पर उसकी सीधी लड़ाई कांग्रेस से है। उन्होंने कहा, पंजाब की कुछ सीटों पर बीजेपी भी खिलाड़ी है। 2019 में, भाजपा ने पंजाब में दो सीटें जीतीं – गुरदासपुर और होशियारपुर। इस बार बीजेपी राज्य की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। रणनीतिकार ने स्वीकार किया कि केजरीवाल के जेल से बाहर आने से पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का मनोबल बढ़ेगा लेकिन उन्होंने कहा कि वह दिल्ली और पंजाब से परे मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी पार्टी का कोई नेता सामने आता है, तो इससे पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का मनोबल बढ़ेगा... आप तेलंगाना में बैठे हैं, मान लीजिए अगर केजरीवाल यहां तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में प्रचार करने आते हैं... तो क्या आपको लगता है क्या इससे मतदान व्यवहार या भावनाएं बदल जाएंगी? मुझे ऐसा नहीं लगता कि यह बदलाव दिल्ली और पंजाब में दिखाई देगा।% दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों के लिए मतदान 25 मई को होगा, जबकि पंजाब की 13 सीटों पर 1 जून को मतदान होगा। गुजरात, जहां क्क2 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। तीन दिन पहले केजरीवाल जेल से रिहा हुए थे।

# सात सौ KG फूलों से सजा बगलामुखी मंदिर का भव्य दरबार, माता का जड़ी बूटियों से हुआ भव्य श्रृंगार



**जालंधर (हिमांशु) :** जन्मोत्सव पर आज मां बगलामुखी के मंदिरों में भव्य तैयारियां की गई। महानगर में सिद्ध पीठ श्री पितांबरा बगलामुखी मंदिर को 700 किलो के रंग बिरंगे फूलों के साथ सजाया गया। मंदिर परिसर जेब्रा, आर्चिड, जिप्सी, रजनीगंधा, गेंदा, फ्लॉवर तथा अन्य कई तरह के फूलों के साथ अपनी महक देगा।

### मां का किया गया भव्य श्रंगार

वीरवार की सुबह पूरी धार्मिक परंपरा के अनुसार मां बगलामुखी का शाही स्नान जड़ी बूटियां के साथ किया गया, उसके बाद भव्य शृंगार किया गया। मां को सुंदर परिधान शृंगार किया जाएगा। श्री बगलामुखी देवी जी का प्राकट्य दिवस पर सिद्ध पीठ श्री पीतांबर बगला भय हरनी मंदिर नजदीक श्री लक्ष्मी नारायण आयुर्वेदिक कॉलेज झब्बाल रोड में प्रात से ही भक्तों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई परम पूज्य महंत दुर्गा दास जी महाराज ने बताया कि मां बगलामुखी के प्रकट दिवस पर प्रात 9-30 माता जी की पूजा आरंभ हुई।

इसके बाद पूरी धार्मिक परंपरा के अनुसार महा स्नान किया जाएगा तथा मां का भव्य शृंगार गया। सुबह 11-15 बजे से दोपहर एक बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसके बाद अटूट लंगर चलापूरे दिन होगा भंडारा रात को मां के दरबार में विक्की तिवारी तथा उनके सती मां के पक्के भजन का गुणगान करेंगे। इसके अलावा बंसी महक, राजीव भाटिया, वैष्णव चंद्र अवस्थी, लकी एंड पार्टी तथा अन्य कई भजन मंडलियों द्वारा मां भगवती का गुणगान करेंगी। सायं 5.15 बजे मां जी को विशेष भोग लगाया जाएगा। साय 7 बजे महाआरती होगी। पूरा दिन भंडारा लगाया जाएगा। इस अवसर पर कई संत महापुरुष शामिल होगा। भक्तजनों को आशीर्वाद देंगे।

मंदिर को रंग बिरंगी लाइटिंग के साथ सजाया गया है। इसके अलावा फूलों से सजावट की गई है।यह पंजाब का पहल मंदिर है जहां होती है उपासनामां बगलामुखी मंदिर पंजाब का पहला मंदिर है, जहां मुख्य रूप से मां बगलामुखी जी की उपासना होती है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



# अखिलेश यादव से हुई मुलायम वाली 'गलती'!

## स्वाति मालीवाल मामले में टिप्पणी कर फंसे सपा अध्यक्ष



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव एक नए विवाद में फंस गए हैं। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वाति मालीवाल हिंसा मामले से %ज्यादा जरूरी दूसरी बातों% के होने की बात कहकर अखिलेश यादव भाजपा के निशाने पर आ गए हैं।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि अखिलेश यादव की टिप्पणी समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन की वह मानसिकता दिखाती है, जिसमें वे महिलाओं को %कमतर% समझते हैं। पार्टी का आरोप है कि महिलाओं के साथ हिंसा होना समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी सहित इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए कोई %बड़ा मुद्दा नहीं% है। पार्टी ने अखिलेश यादव से उनके बयान के लिए खेद प्रकट करने की मांग की है।

भाजपा नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने अमर उजाला से कहा कि अखिलेश यादव का बयान महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की एक महिला सांसद के साथ एक मुख्यमंत्री के आवास के अंदर मारपीट की घटना होती है और इसके बाद भी यदि अखिलेश यादव इसे गंभीर मुद्दा नहीं मानते, तो यह शर्मनाक है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि स्वयं समाजवादी पार्टी के अंदर महिलाओं को लेकर कितनी संवेदनशीलता है।

उन्होंने कहा कि इसके पहले उनके पिता मुलायम सिंह यादव ने दुष्कर्म की घटना के आरोपियों के बचाव में यह बयान दिया था कि %लड़के हैं, लड़कों से गलती हो जाती है।% आज अखिलेश यादव भी एक महिला सांसद के साथ मारपीट होने को कम जरूरी मुद्दा मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक पूर्व मुख्यमंत्री का एक दूसरे मुख्यमंत्री के आवास में एक सांसद के साथ मारपीट की घटना को कम आवश्यक बताने से यह साफ हो जाता है कि महिलाओं के प्रति उनकी मानसिकता क्या है। यदि गलती से भी इंडिया गठबंधन की सरकार कभी आई, तो उसमें महिलाओं का क्या हाल होगा, यह भी इस बयान से स्पष्ट हो जाता है। भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह के बयानों का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं होता और इस बयान के लिए अखिलेश यादव को खेद प्रकट करना चाहिए।

### क्या हुआ था?

दरअसल, गुरुवार 16 मई को जब अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल लखनऊ में साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, आम आदमी पार्टी नेता से स्वाति मालीवाल से हुई हिंसा पर प्रश्न पूछे गए। इस प्रश्न का आम आदमी पार्टी नेता जवाब दे पाते, उसके पहले ही अखिलेश यादव ने कहा, %उससे ज्यादा जरूरी और चीजें भी हैं।% इसके बाद उन्होंने अपनी जेब से एक कागज निकाला और भाजपा के ऊपर हमले किए। लेकिन यादव की इस टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया। उनके इस बयान को महिलाओं से हिंसा के अपराध को कमतर करके देखने से जोड़कर देखा जा रहा है।

### विपक्ष के एजेंडे को डिरेल करने की कोशिश कर रही भाजपा : सपा

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मोहम्मद आजम ने अमर उजाला से कहा कि अब तक के चार चरणों में भाजपा को यह एहसास हो गया है कि वह सत्ता से बाहर जा रही है।

यही कारण है कि भाजपा नेता बौखला गए हैं। इस बौखलाहट में वे विपक्ष के एजेंडे को रास्ते से भटकाने के लिए इस तरह के अनावश्यक मुद्दों को तूल देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल विवाद को उछालकर भाजपा अपनी नाकामियां छिपाने की कोशिश कर रही है।

सपा नेता मोहम्मद आजम ने कहा कि अभी तक स्वाति मालीवाल ने स्वयं कोई बयान दर्ज नहीं कराया है। पूरी घटना भाजपा नेताओं के बयानों के आसपास सिमटी हुई है। जब तक स्वाति मालीवाल इस घटना पर स्वयं अपनी तरफ से कोई शिकायत नहीं दर्ज करातीं, इस तरह की बात नहीं कही जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयान इसी संदर्भ में था कि जब तक इस मामले में कोई ठोस बात सामने नहीं आती, बिना कारण किसी विवाद को नहीं उछाला जाना चाहिए।

## अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा भेजना चाहते हैं केजरीवाल, स्वाति मालीवाल से माँगा है इस्तीफा





**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** सूत्रों से मिली एक रिपोर्ट में बताया है कि स्वाति मालीवाल घटना वाले दिन अपनी राज्यसभा सीट को लेकर बात करने गईं थी। दावों के अनुसार, मालीवाल से AAP ने सांसद पद से इस्तीफ़ा देने को कहा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार को तलब किया है। आयोग ने उन्हें शुक्रवार ( 17 मई, 2024 ) को इस मामले में पेश होने को कहा गया है। उन्हें AAP की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल से बदसलूकी के मामले में तलब किया गया है। स्वाति मालीवाल से दिल्ली CM आवास में हुई बदसलूकी मामले में अब दैनिक भास्कर ने एक रिपोर्ट में बताया है कि वह घटना वाले दिन अपनी राज्यसभा सीट को लेकर बात करने गईं थी। भास्कर की रिपोर्ट दावों के अनुसार, स्वाति मालीवाल से क्कने सांसद पद से इस्तीफ़ा देने को कहा है। वह इस इस्तीफे को लेकर दिल्ली ष्टरूअरविन्द केजरीवाल से बात करने गईं थी।

इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वाति मालीवाल के बदले अब AAP वकील और कॉन्ग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा भेजना चाहती है। इसीलिए स्वाति से सीट खाली करने को कहा गया है। स्वाति को यह सन्देश कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं के जरिए भिजवाया गया था। उन्हें पार्टी में बड़ा पद दिए जाने की बात भी कही गई थी।

स्वाति की जगह जिन वकील अभिषेक मनु सिंघवी को AAP से राज्यसभा भेजे जाने की बात कही जा रही है, वह पूर्व में कॉन्ग्रेस से राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। वह हाल ही में हिमाचल प्रदेश से कॉन्ग्रेस से राज्यसभा का चुनाव विधायकों की बगावत के चलते हार गए थे। अभिषेक मनु सिंघवी ही दिल्ली शराब घोटाला मामले में CM केजरीवाल की पैरवी कर रहे हैं। उनकी ही पैरवी से सुप्रीम कोर्ट ने CM केजरीवाल को 1 जून तक के लिए चुनाव प्रचार करने की अंतरिम जमानत दी है।

गौरतलब है कि सोमवार ( 13 मई, 2024 ) को सुबह AAP राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने पुलिस को फ़ोन करके बताया कि उनके साथ CM आवास में मारपीट हुई। बताया गया कि उन्होंने CM केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर मारपीट के आरोप लगाए लेकिन थाने में रिपोर्ट नहीं दर्ज करवाई। इस मामले में दिल्ली पुलिस के अफसर उनके घर भी पहुँचे।

AAP की तरफ से इस मामले को लेकर राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और यह बात मानी कि बिभव कुमार ने मालीवाल के साथ बदसलूकी की है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला CM केजरीवाल के संज्ञान में है और इस पर कार्रवाई होगी। स्वाति मालीवाल से हुई बदसलूकी की वजह पर कयासों के बीच इसकी सच्चाई इस घटनाक्रम से जुड़े किरदार ही बता सकते हैं। पहला किरदार पीड़ित यानी स्वाति मालीवाल हैं, जिन्होंने घटना के बाद से चुप्पी साध रखी है। दूसरा किरदार आरोपित बिभव कुमार है, जो अरविन्द केजरीवाल के साथ घूम रहा है। तीसरे किरदार CM केजरीवाल खुद हैं, जिन्होंने इससे जुड़े सवालों के कोई जवाब नहीं दिए और जिनके साथ लखनऊ में बिभव कुमार को देखा गया।

## स्वाती मालीवाल के पूर्व पति नवीन जयहिंद का सनसनीखेज दावा, कहा-मारपीट बहुत बड़े स्कैंडल का हिस्सा



**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के पूर्व पति नवीन जयहिंद ने मारपीट मामले में सनसनीखेज दावा किया है। जयहिंद ने कहा है कि स्वाती से मारपीट देश के एक बहुत बड़े स्कैंडल का हिस्सा है।

उन्होंने स्वाती को शेरनी बताया और कहा कि उसे सामने आकर सच्चाई बतानी चाहिए। इस 'स्कैंडल' पर उसके बोलने के बाद ही वह अपनी बात रखेंगे। उन्होंने आप सांसद संजय सिंह पर भी निशाना साथा। जयहिंद ने संजय सिंह को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का 'तोता' बताया है।

समाचार एजेंसी एएनआई के साथ खास बातचीत में AAP के पूर्व नेता ने कहा कि 'दिल्ली में सीएम का हाउस गटर हाउस है। यह बहुत बड़ा स्कैंडल है। केजरीवाल के घर पर यह हमला हुआ है तो उस पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। हमलावर कि इतनी हिम्मत नहीं है कि वह किसी पर हमला करे। स्वाती की जान को खतरा है क्योंकि उसे डराया और धमकाया गया है। अभी भी उसकी आवाज दबाई जा रही है। मामला यह नहीं है कि वह मेरी पूर्व पत्नी है। यह मामला महिलाओं का है। स्वाती हमारी आज पत्नी होती तो हाथ उठाने वाले का हाथ टूट चुका होता और जिसने हमला करने के लिए कहा उसकी जुबान नहीं होती। यह मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है। मैं देश के गृह मंत्री, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग की इस मामले की गंभीरता समझनी चाहिए।'

### स्वाती के साथ कोई अनहोनी हो सकती है'

उन्होंने कहा, 'कहीं ऐसा न हो स्वाती के साथ कुछ अनहोनी हो जाए। वह सांसद है। स्वाती झांसी की महरानी है, वह डर नहीं सकती। उसे बाहर निकलकर आना चाहिए। जिसने लाखों महिलाओं की आवाज उठाई है, उसे कौन सा डर सता रहा है, मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं। सीएम हाउस में बहुत गंदगी है। कभी यह महिला सम्मान की बात करते हैं तो कभी उसी घर में महिला के साथ मारपीट होती है। स्वाती को बाहर आकर पूरा मामला बताना चाहिए नहीं तो महिलाओं में इसका गलत संदेश जाएगा। दिल्ली पुलिस इसे संज्ञान लें।'

### स्वाती से चार सालों से बात नहीं हुई-नवीन जयहिंद

स्वाती से बातचीत के सवाल पर उन्होंने कहा, '2020 में मेरा तलाक हो गया। इन चार सालों में उससे मेरी कोई बात नहीं हुई।' नवीन जयहिंद ने कहा कि वह 2008 से इन लोगों को जानते हैं। अन्ना आंदोलन के समय से इनसे जुड़ा हूं। AAP के कोर कमेटी के सदस्य थे। अन्ना जी के साथ जेल में हम चार लोग ही थे। हालांकि, यह उनका व्यक्तिगत मामला नहीं है। मामला जब मेरा व्यक्तिगत हो जाएगा तो मेरा खुद का सिस्टम है। मुझे किसी सिस्टम की जरूरत नहीं है

### स्वाती के बोलने के बाद ही मैं बोलूंगा

संजय सिंह के बारे में उन्होंने कहा कि वह राज्यसभा कैसे गया है, यह बात मुझे पता है और उसे पता है। वह केजरीवाल का तोता है। संजय सिंह को पहले ही इस घटना को पता था कि यह चीज होगी। संजय को पता है कि क्या-क्या हुआ है। संजय सिंह केवल एक्टिंग कर रहा है। घटना के समय सीएम आवास में जो लोग मौजूद थे, उन सभी पर एफआईआर होनी चाहिए। मारपीट इंडिया का बहुत बड़ा स्कैंडल है। हमसे अगर मदद मादी जाएगी तो हम मदद करेंगे। इस स्कैंडल पर पहले स्वाती को बोलना चाहिए, उसके बोलने के बाद ही मैं कुछ कह पाऊंगा।

# कनाडा सरकार की बड़ी घोषणा, अगर कनाडा में रहना है, तो करना होगा ये काम




**जालंधर( काजल विज ):** कनाडा में बसने के इच्छुक लोगों के लिए बड़ी खबर सामने आई है।immigration, refugee और नागरिकता कनाडा (द्बह्ष्) ने घोषणा की है कि 28 मई, 2024 से एक्सप्रेस एंट्री के लिए wealth के नए प्रमाण की आवश्यकता होगी।

नियमों के अनुसार, आवेदकों को यह करना होगा। अधिकारियों को यह दिखाने के लिए धन का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि उनके पास कनाडा में बसने के लिए आवश्यक पर्याप्त धन है।

## Canada में बसने के लिए ये करना होगा

यदि कनाडा निमंत्रण अनुरोध स्वीकार करता है, तो व्यक्तियों को अपने पास मौजूद धन का आवश्यक लिखित प्रमाण देना होगा। अपडेट के कारण फेडरल स्किल्ड वर्कर प्रोग्राम और फेडरल स्किल्ड ट्रेड्स प्रोग्राम के माध्यम से आवेदन करने वाले आवेदक प्रभावित होंगे। कनाडा धन के प्रमाण की मांग करता है क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवारों के पास देश में आगमन पर खुद का समर्थन करने के लिए वित्तीय संसाधन हों।

## प्रोफाइल को अपडेट करें

इस बीच, कनाडा ने एक्सप्रेस एंट्री के आवेदकों को 27 मई, 2024 तक फंड के नए प्रमाण के साथ अपने प्रोफाइल को अपडेट करने के लिए कहा है। अपडेट से पूल में रैंक पर कोई असर नहीं पड़ेगा और प्रोफाइल जमा करने की तारीख और समय वही रहेगा।

यदि कनाडाई अनुभव वर्ग के तहत आवेदन जमा किया गया है या यदि कोई कनाडा में काम करने के लिए अधिकृत है और उसके पास वैध नौकरी की पेशकश है, तो व्यक्तियों को यह दिखाने की आवश्यकता नहीं है कि उनके पास अपने और अपने परिवार का समर्थन करने के लिए आवश्यक राशि है, भले ही इसके तहत आवेदन करने के बाद भी।

## कितने पैसे की जरूरत है

- Single applicant को कैनेडियन डॉलर 14,690 का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
- दो व्यक्तियों के परिवार के लिए ष्ठ 18,288
- तीन का परिवार : CAD 22,483
- चार लोगों के परिवार के लिए CAD 27,297 होना आवश्यक है।
- पाँच लोगों का परिवार, CAD 30,690 में आवश्यक राशि।
- छह लोगों के परिवार, कनाडा ने राशि CAD 34,917 निर्धारित की है।
- सात लोगों का परिवार : CAD 38,875 सात से अधिक सदस्यों वाले परिवार के लिए, प्रत्येक अतिरिक्त सदस्य के पास CAD 3,958 होना चाहिए।

# पंजाब में केंद्रीय बलों की 250 कंपनियों के पहरे में होगी वोटिंग; अमृतसर-जालंधर हुईं बैठकें



**जालंधर ( हिमांशु ):** बैठक में अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि वह घृणित अपराधों, नशा तस्करी और लूटपाट में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष प्रयास करें। साथ ही मतदान से संबंधित अपराधों के मामलों की जांच और मुकदमों की कार्यवाही में तेजी लाए।

सरहदी राज्य पंजाब में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से मतदान करवाने के उद्देश्य से 80 प्रतिशत पुलिस बल और केंद्रीय बलों की कम से कम 250 और कंपनियां तैनात करने का फैसला लिया है। संवेदनशील जिलों में केंद्रीय बलों की 25 कंपनियां पहले से ही तैनात हैं। यह जानकारी बुधवार को स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने दी है।

स्पेशल डीजीपी बुधवार को अमृतसर और जालंधर के दौरे पर थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारियों और और इससे संबंधित सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेने के लिए दोनों बॉर्डर रेंज के आईजीपी, डीआईजी, सीपी और एसएसपी के साथ रेंज स्तरीय बैठकें कीं। अमृतसर की बैठक में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीआईजी) बॉर्डर रेंज राकेश कुमार और कमिश्नर ऑफ पुलिस (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर उपस्थित थे, जबकि जालंधर रेंज की बैठक में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजीपी) एस बूपती और सीपी जालंधर स्वप्न शर्मा उपस्थित थे।

राज्य में सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत पर जोर देते अर्पित शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारियों को पेशेवर पुलिसिंग करने और किसी को भी राज्य की शांति और सद्भावना को भंग करने की इजाजत न देने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को राज्य में नशे और नाजायज शराब की आमद को रोकने के लिए राज्य में आने-जाने वाले वाहनों विशेषकर व्यापारिक वाहनों की चेकिंग तेज करने के आदेश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि वह घृणित अपराधों, नशा तस्करी और लूटपाट में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष प्रयास करें। साथ ही मतदान से संबंधित अपराधों के मामलों की जांच और मुकदमों की कार्यवाही में तेजी लाए।

## अब तक 5.45 करोड़ रुपये की पकड़ी नकदी

बता दें कि पंजाब पुलिस ने आदर्श चुनाव संहिता लागू होने से लेकर अब तक 5.45 करोड़ रुपये की नकदी, 11.49 लाख लीटर शराब और 99.62 किलोग्राम नशीले पदार्थ बरामद किए हैं।

स्पेशल डीजीपी ने आम पोलिंग बूथों और संवेदनशील पोलिंग बूथों पर बलों की तैनाती संबंधित नियमों के बारे में भी अधिकारियों को अवगत करवाया। उन्होंने अधिकारियों को उम्मीदवारों को सुरक्षा प्रदान करने संबंधित नियमों के बारे में भी जानकारी दी।

# चुनाव देख इच्छाधारी आंदोलनजीवी ने बदला चोला, राजनीतिक विश्लेषक बन BJP को बताया बहुमत से दूर : 2019 में योगेंद्र यादव का सारा गुणा-भाग रहा था फेल

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ):** स्वयंभू चुनाव विशेषज्ञ योगेन्द्र यादव ने कहा है कि भाजपा के नेतृत्व वाला ह्ष्ठ इस बार बहुमत नहीं पाएगा, उनके पिछले सभी अनुमान फेल हुए हैं।


देश में लोकसभा चुनावों का माहौल है। हर चुनाव की तरह खुद को राजनीतिक पंडित और चुनावी विशेषज्ञ बताने वाले पेशेवर प्रदर्शनकारी योगेन्द्र यादव अपने अनुमानों के साथ वापस आ गए हैं।

जिस तरह कोई भी उनके रवैये से इस बात का अंदाजा लगा सकता है, उन्होंने इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले NDA के बहुमत ना पाने की एक भविष्यवाणी कर दी है। योगेन्द्र यादव ने इसके लिए अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो डाला है। योगेन्द्र यादव का दावा है कि मीडिया वर्तमान में फैक्ट दबा रही है। उनका कहना है कि भाजपा को 2024 लोकसभा चुनावों में बहुमत नहीं मिलेगा। योगेन्द्र यादव ने कहा, 35 साल से चुनाव देखने के अपने अनुभव के आधार पर बता रहा हूँ कि भाजपा बहुमत नहीं ला रही। भाजपा 272 से बहुत नीचे है। भाजपा सहयोगियों के साथ NDA भी बहुमत के आँकड़े से नीचे हो सकता है।

इसके बाद योगेन्द्र यादव ने अपने हिसाब एक गणित बताना चालू किया। योगेन्द्र यादव ने बताया कि कर्नाटक में भाजपा को इस बार कम से कम 10 सीटों का नुकसान होगा। महाराष्ट्र में भी 20 सीट के नुकसान का आकलन योगेन्द्र यादव ने भाजपा के लिए बताया। इसके बाद उन्होंने गुजरात और राजस्थान में भी 10 सीट भाजपा के लिए बताया। हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली में भाजपा को 10 सीट का नुकसान होगा।

योगेन्द्र यादव ने इसके बाद और भी कई राज्यों की गणित समझाई। योगेन्द्र यादव ने दावा किया कि मध्य प्रदेश, छतीसगढ़ और झारखंड में भी भाजपा को 10 सीटों का नुकसान होगा। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी भाजपा को 15 सीटों का नुकसान होने का दावा किया। इसके बाद उन्होंने कई राज्यों का ब्यौरा दिया। आखिर में गुणा भाग करके योगेन्द्र यादव ने समझाया कि भाजपा इस बार कम से कम 75 सीट हारेगी और NDA 100 सीट हारेगा।

इसी हवा हवाई गणित के आधार पर योगेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा को 233 जबकि उनके सहयोगियों को 35 सीट मिलेगी। ऐसे में अंत में उन्होंने अपनी बात सिद्ध की कि भाजपा और NDA 272 के आँकड़े से नीचे रह जाएँगे।



योगेन्द्र यादव ने यह पूरी गणित समझा दी लेकिन इसका स्रोत क्या है यह नहीं बताया। उनका कहना था कि मैं कहता हूँ तो मान ही लो। क्या पता सच ही हो जाए। साल के चार महीने प्रदर्शनों के लिए देने वाले योगेन्द्र यादव की इस गणित में ना किसी सर्वे का हवाला था और ना ही और कोई विश्वसनीय स्रोत। हालाँकि, यह कोई नई बात नहीं है कि योगेन्द्र यादव ऐसे बेसिरपैर के सर्वे देते हों, इसे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वह मुँह की खा चुके हैं।

## 2019 में भी फेल हो चुके योगेन्द्र यादव

भाजपा के लिए सीटों के नुकसान की बात यादव 2019 लोकसभा चुनावों में भी कर चुके हैं। तब यादव ने विशेष प्रकार की गणित बैठा कर बताया था कि भाजपा 100 सीट हारने वाली है। उनका दावा था कि पीएम मोदी की लोकप्रियता घट रही है। उन्होंने यह भी बताया था कि यह एकदम स्पष्ट बात है। उन्होंने दावा किया था कि 2004 के चुनाव की तरह ही भाजपा 2019 में हार जाएगी। इसके लिए उन्होंने बताया था कि 2004 में भी भाजपा सत्ता में अच्छी लहर के बावजूद नहीं लौट सकी थी, और यह फिर होगा।

योगेन्द्र यादव ने तब एक लेख में बताया था कि भले ही पीएम मोदी की रेटिंग ज्यादा हो लेकिन वह हार सकते हैं। इसके बाद 303 सीट जब भाजपा ने 2019 में जीत ली तो योगेन्द्र यादव खीज गए। उन्होंने एक बातचीत में वोटरों का गला पकड़ कर उन्हें मूर्ख कहने की बात कही थी।

एक बातचीत में योगेन्द्र यादव ने कहा था, अपने निर्वाचन क्षेत्र गुरुग्राम में मैंने लोगों से यह सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अपील की थी कि भाजपा को किसी भी कीमत पर हराया जाए। मैंने कहा था कि यह प्रधानमंत्री हमारे देश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा झूठाप्रधान मंत्री है। मतदाताओं ने मेरी एक भी बात नहीं सुनी। मैं दुखी हूँ, मैं गुस्सा हूँ और मैं निराश हूँ। मैं उनका कॉलर पकड़कर कहना चाहता हूँ, बेवकूफों।

## गुजरात चुनाव में भी गलत हुआ अनुमान

2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में भी योगेन्द्र यादव ने ऐसा ही अनुमान लगाया था। भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले गुजरात को लेकर यादव का अनुमान था कि यहाँ भाजपा हार जाएगी। योगेन्द्र यादव ने दावा किया था कि चुनावी विशेषज्ञ असल सच्चाई जनता को नहीं बता रहे। उनका दावा था कि 2017 गुजरात विधानसभा चुनाव में कॉन्ग्रेस को 113 सीट मिलेगी और वह सरकार बनाएगी। हालाँकि, नतीजों में भाजपा को 99 और कॉन्ग्रेस को 77 सीट मिली।

इसके बाद योगेन्द्र यादव ने माफ़ी माँग ली। योगेन्द्र यादव ने अपनी माफ़ी में लिखा था, मैं माफ़ी माँगता हूँ, मेरा चुनाव अनुमान गलत था, पहले अनुमान से 3त्न वोट खिसक गया। मैंने कोई मन की बात नहीं कही थी ना कोई प्रचार किया था। मैंने डेटा, जमीनी रिपोर्ट और जनमत सर्वेक्षणों पर भरोसा किया था। फिर भी मैं गलत था। EVM को दोष देना मूर्खता होगी। गलती स्वीकार करने और सीखने की जरूरत है।

योगेन्द्र यादव को भी भाजपा और पीएम मोदी करके मजा आता है। लेकिन सबसे अधिक हास्यास्पद बात यह है कि भाजपा जैसी जिताऊ चुनावी मशीन पर प्रश्न खड़े करने वाले योगेन्द्र यादव 2014 में गुरुग्राम से क्कसे चुनाव लड़े थे। इसमें उनकी जमानत तक जब्त हो गई थी। इसके एक वर्ष बाद उन्हें पार्टी से भी निकाल फेंका गया था। इसके बाद वह फिर से फर्जी अनुमान लगाने के धंधे में उतर गए।

चाहे वह CAA प्रदर्शन हो, किसानों का विरोध प्रदर्शन हो या कॉन्ग्रेस नेता राहुल गांधी की विवादास्पद भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होना हो, योगेन्द्र यादव हर उस काम में शामिल हैं, जो पीएम मोदी को सत्ता से हटाने के लिए हो रहा है। हालाँकि, उनके अब तक के प्रयासों से हार के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला है यही आगे होने की संभावना है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



# भारतीय सेना के इस कॉलेज से करें पढ़ाई और बन जाएं ऑफिसर! जल्द शुरू होने वाला है आवेदन



**जालंधर( काजल विज ):** भारतीय सेना (Indian Army) के इस कॉलेज से पढ़ाई करते हुए नौकरी पाने की ख्वाहिश रखने वाले उम्मीदवारों के लिए सुनहरा मौका है। इसके लिए भारतीय सेना के अंतर्गत आने वाले आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस (AFMC) में बीएससी नर्सिंग के लिए भर्तियां निकाली है।

जो भी उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए, जल्द ही आवेदन प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

एक बार जिस किसी भी उम्मीदवारों का चयन हो जाता है, तो वह भारतीय सेना में नर्सिंग ऑफिसर बनते हैं। इस भर्ती के माध्यम से कुल 220 पदों पर बहाली की जाने वाली है. इन पदों पर उम्मीदवारों का चयन नीट स्कोर के जरिए किया जाएगा। जो भी नीट परीक्षा को पास करने में सफल रहते हैं, वे सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के साथ बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

### भारतीय सेना में इन पदों पर होगी भर्तियां

- सीओएन, एएफएमसी पुणे- 40 पद
- सीओएन, सीएच (ईसी) कोलकाता- 30 पद
- सीओएन, आईएनएचएस असविनी, मुंबई- 40 पद
- सीओएन, एएच (आर एंड आर) नई दिल्ली- 30 पद
- सीओएन, सीएच (सीसी) लखनऊ- 40 पद
- सीओएन, सीएच (एएफ) बैंगलोर- 40 पद

### भारतीय सेना के नर्सिंग सेवा में शामिल होने की योग्यता

एएफएमएस कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए वही उम्मीदवार आवेदन कर सकता है, जिनके पास फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा 12वीं पास होने का सर्टिफिकेट हो।

### भारतीय सेना के इन पदों के लिए क्या है आयु सीमा

उम्मीदवार जो भी इन पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनका जन्म 01 अक्टूबर 1999 और 30 सितंबर 2007 के बीच (दोनों दिन सम्मिलित) होना चाहिए।

### भारतीय सेना में ऐसे होगा सेलेक्शन

एएफएमएस कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए उम्मीदवारों का चयन NEET (G)-2024 स्कोर के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को फिर टेस्ट, इंटरव्यू और एक मेडिकल टेस्ट से गुजरना पड़ता है।

उम्मीदवारों का फाइनल चयन नीट स्कोर, टेस्ट और इंटरव्यू में परफॉर्मेंस और मेडिकल फिटनेस के आधार पर निर्भर करता है।

# शिखर धवन को मिला नया काम, 50 सेकेंड के वीडियो से हुआ बड़ा खुलासा

**जालंधर (जसवीर):** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों में से एक शिखर धवन अपनी तूफानी बैटिंग के लिए मशहूर हैं लेकिन अब ये खिलाड़ी जल्द एक नए अवतार में नजर आने वाला है। जल्द ही शिखर धवन का एक शो रिलीज होने वाला है जिसमें वो कॉमिडी के साथ-साथ कई हस्तियों से बातचीत करते नजर आएंगे।

धवन के शो का 50 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, ऋषभ पंत, हरभजन सिंह जैसे स्टार नजर आ रहे हैं। धवन के इस शो का नाम धवन करेंगे है और इसका आगाज 20 मई से जियो सिनेमा ऐप पर होगा।




### तो क्या संन्यास का ऐलान करने वाले हैं धवन?

शिखर धवन के नए शो के ऐलान के साथ ही अब ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि ये खिलाड़ी जल्द क्रिकेट को अलविदा कह सकता है। शिखर धवन की उम्र 38 हो चुकी है और ये खिलाड़ी वनडे टीम से 2 सालों से बाहर है और टी20 इंटरनेशनल उन्होंने 3 साल पहले खेला था। अब आईपीएल में भी उनका करियर खत्म होता नजर आ रहा है। इस सीजन धवन पंजाब किंग्स के कप्तान थे लेकिन चोट के चलते वो 5 ही मैच खेल पाए हैं। उनकी जगह सैम करन ने पंजाब की कप्तानी की। इस बीच धवन का कॉमेडी टॉक शो आने वाला है तो ये सब इसी ओर इशारा कर रहा है कि इस खिलाड़ी के क्रिकेट करियर का अंत अब नजदीक ही है।

# पीएम मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर की बात, कहा- मुश्किल घड़ी में हम साथ हैं

**जालंधर (संदीप मान):** हमास के किए गए रॉकेट हमले के बाद जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर मंगलवार (10 अक्टूबर) को बात की. पीएम मोदी ने बताया कि नेतन्याहू ने फोन किया था और मैंने इस दौरान उनसे कहा कि मुश्किल समय में हम आपके साथ हैं. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू का फोन करके मुझे स्थिति पर अपडेट देने के लिए धन्यवाद देता हूं. भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजरायल के साथ मजबूती से खड़े हैं. भारत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करता है.



पीएम मोदी ने बताया था आतंकी हमला पीएम मोदी ने फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के शनिवार (7 अक्टूबर) को इजरायल पर किए गए रॉकेट हमले को पहले भी आतंकी हमला करार दिया था. उन्होंने एक्स पर शनिवार को लिखा था, इजरायल में हुए आतंकी हमले की खबर से स्तब्ध हूं. हमारी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के साथ हैं.

### अभी क्या स्थिति है?

न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, इजरायल ने गाजा स्ट्रिप पर एयरस्ट्राइक बढ़ाकर इसकी पूर्ण घेराबंदी कर दी है. गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली हमलों में 680 से अधिक लोग मारे गए हैं और 3,700 से अधिक लोग घायल हुए हैं.

वहीं अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल में 900 से अधिक लोगों की जान चली गई है. इस बीच हमास की सैन्य शाखा ने धमकी दी है कि जब-जब इजरायल गाजा के नागरिकों को उनके घरों में बिना किसी पूर्व चेतावनी के निशाना बनाएगा, वह तब-तब एक इजरायली बंधक नागरिक की हत्या करेगा.



# अकाली दल का हाथ छोड़ BJP में शामिल हुए रवि करण काहलों, सुखबीर बादल पर लगाए गंभीर आरोप

**जालंधर (हर्ष शर्मा):** अकाली दल के नेता रवि करण काहलों भाजपा में शामिल हो गए। रवि कारण कहलों ने सुखबीर बादल पर गंभीर आरोप लगाया की वह पार्टी नहीं बल्कि लिमिटेड कंपनी चला रहे है। उन्होंने कहा कि सुखबीर पार्टी में रबड़ स्टैंप बन गए है। पार्टी बिक्रम मजीठिया चला रहे है।

### काहलों के भाजपा में आने से पार्टी को मिलेगा फायदा

काहलों के भाजपा में आने से पार्टी को गुरदासपुर लोक सभा सीट पर फायदा मिलेगा। क्योंकि 2022 के विधानसभा चुनाव में काहलो कांग्रेस के सुखजिंदर रंधावा जोकि गुरदासपुर में कांग्रेस के उम्मीदवार है, डेरा बाबा नानक सीट पर मात्र 234 वोटों से हारे थे।

# न्यू जवाहर नगर में बड़े सेक्स रैकेट के धंधे का पर्दा फाश, 1 मैनेजर, 6 लड़कियां और 3 ग्राहकों हिरासत में




**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ):** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस अधीन थाना-6 की बस स्टैंड चौकी ने नामी इलाके न्यू जवाहर नगर में एक सेक्स रैकेट के धंधे का पर्दा फाश किया है। पुलिस कर्मियोम ने बताया कि उन्हें इसकी गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली थी की न्यू जवाहर नगर में एक बिल्डिंग है जिसमें देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। पुलिस ने योजना बनाकर वहां रेड की और जानकारी को सही पाया। मौके से 1 मैनेजर, 6 लड़कियां और 3 ग्राहकों को हिरासत में लिया गया। मैनेजर ओर ग्राहकों को कोर्ट मे पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।


# एक और सांसद देंगे आम आदमी पार्टी को झटका, आप छोड़कर जल्द ज्वाइन कर सकते हैं भाजपा

**जालंधर (नितिका):** आम आदमी पार्टी को पंजाब में एक और बड़ा झटका लगने जा रहा है। पहले पार्टी के एकमात्र लोकसभा सांसद सुशील रिंकू पार्टी को छोड़ कर जोर का झटका दे चुके हैं। अब पार्टी के एक और राज्यसभा सांसद भी पार्टी को तगड़ा झटका देने जा रहे हैं। वैसे तो केजरीवाल के जेल के अंदर जाने के बाद किसी भी राज्यसभा सांसद ने केजरीवाल का साथ नहीं दिया।

ना कोई जनसंपर्क अभियान चलाया और ना ही सोशल मीडिया पर कोई कैंपेन चलाया। अब स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के बाद पार्टी के एक राज्यसभा सांसद का ज़मीर जाग चुका है और वह जल्द ही पार्टी को अलविदा कह कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर भी जय श्री राम लिखकर इसके संकेत दे दिए हैं।




# HC पहुंचा HIV पॉजिटिव खून की तीन यूनिट जारी करने का मामला, पंजाब सरकार से कोर्ट ने मांगा जवाब




**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब के फगवाड़ा में एचआईवी पॉजिटिव खून की तीन यूनिट जारी करने और ब्लड बैंकों की लापरवाही के अन्य मामलों का हवाला देते हुए दाखिल जनहित याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार, डीजीपी व अन्य से जवाब किया है।

कोर्ट ने कुछ प्रितवादी को नए सिरे से नोटिस भी जारी किया है। पंजाब सरकार ने इस मामले में जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

## एक साल पुराना है मामला

इस मामले में याचिका दाखिल करते हुए हिंदुस्तान वेलफेयर ब्लड डोनर क्लब ने हाई कोर्ट को बताया कि एक अगस्त 2023 को फगवाड़ा में मौजूद ब्लड बैंक ने तीन यूनिट एचआईवी पॉजिटिव खून जारी कर दिया था।

इस मामले में याचिकाकर्ता ने पुलिस को भी शिकायत दी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही यह भी बताया कि बठिंडा में 10 अक्तूबर 2020 को एक मरीज जो ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप का था उसे बी पॉजिटिव खून चढ़ा दिया गया।

मरीजों को भुगतना पड़ता है खामियाजा

याची ने कहा कि ब्लड बैंकों और उनके स्टाफ की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। ऐसे में खून एकत्रित करने, उसको सुरक्षित रखने, उचित जांच व सप्लाई के लिए कड़े निर्देश जारी करने की हाई कोर्ट से अपील की गई है।

## हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

साथ ही हाईकोर्ट से मांग की गई है कि ऐसी लापरवाही का शिकार होने वालों के लिए मुआवजे का परविधान किया जाना चाहिए। एचआईवी पॉजिटिव खून जिन मरीजों को चढ़ाया गया है उनकी पहचान कर उचित इलाज व मुआवजा मुहैया करवाने का निर्देश जारी करने की भी अपील की गई है। याचिका पर हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार सहित अन्य प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

# बच्चों की होगी मौज, एक से 30 जून तक बंद रहेंगे स्कूल

**जालंधर ( जसवीर ) :** स्कूल बंद होने का इंतजार कर रहे बच्चों और उनके परिजनों के लिए राहत भरी खबर है, हालांकि अभी इसमें 14 दिन यानि दो सप्ताह बाकी है. पंजाब सरकार ने स्कूलों में छुट्टियों का ऐलान कर दिया है. सरकारी आदेश के अनुसार प्रदेश में एक जून से 30 जून तक सभी स्कूल बंद रहेंगे. सरकार ने ये फैसला भीषण गर्मी के मद्देनजर लिया है. बता दें कि पिछले कुछ दिनों से बहुत तेज गर्मी पड़ रही है. मौसम विभाग ने कई राज्यों में हीट वेब चलने की आशंका भी जताई है. ऐसे में बच्चों का स्कूल आना जाना मुश्किल हो सकता है. लू की चपेट में आने से बच्चे बीमार भी पड़ सकते हैं. इसको ध्यान में रखते हुए पंजाब सरकार ने स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है. पंजाब सरकार के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट सभी स्कूल एक से तीस जून तक बंद रखे जाएंगे. इस दौरान कोई भी स्कूल नहीं खुलेगा.

## पंजाब में 44.5 डिग्री पहुंचा

पंजाब में तापमान अपने चरम पर है. मौसम विभाग के अनुसार बुधवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया. पंजाब के कई इलाकों में पारा 44.5 डिग्री तक पहुंच गया था. इसी बीच मौसम विभाग ने प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है यही नहीं मौसम विभाग की ओर से आज और कल यानि 17 मई के लिए येलो और 18 और -19 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग की मानें तो इस दौरान तापमान 46 डिग्री के पार तक जा सकता है.

# पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा डिप्टी कमिशनरों, सी.पीज़ और एस.एस.पीज़ के साथ समीक्षा मीटिंग

**जालंधर ( हिमांशु ) :** राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतमयी मतदान यकीनी बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज सभी ज़िला निर्वाचन अफ़सरों-कम-डिप्टी कमिशनरों, पुलिस कमिशनरों और एस. एस. पीज़ के साथ उच्च-स्तरीय मीटिंग की। मीटिंग के दौरान उन्होंने राज्य में 1 जून, 2024 को पड़ने वाली वोटों सम्बन्धी ज़िला स्तर पर किये गए प्रबंधों का जायज़ा लिया ।वीडियो कानफरंसिंग के द्वारा समीक्षा मीटिंग करते हुये सिबिन सी ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गए सभी दिशा-निर्देशों की सख़्ती के साथ पालना को यकीनी बनाने के लिए कहा। उन्होंने राज्य भर में नशीले पदार्थों, नकदी, हथियार, और अन्य ग़ैर कानूनी वस्तुओं की आमद को रोकने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख़्ती से पालना के साथ-साथ उड़न दस्तों और आबकारी टीमों के गठन सहित सरहदी जांच चौकियाँ स्थापित करने पर ज़ोर दिया।



वोटों वाले दिन संभावित गर्मी के मद्देनज़र सिबिन सी ने अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में सभी पोलिंग स्टेशनों पर ज़रूरी सहूलतें यकीनी बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि निष्पक्ष और शांतमयी चुनाव प्रक्रिया को यकीनी बनाते हुये इस बार 70 पार के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव कदम उठाए जाएँ।सिबिन सी ने अधिकारियों को पोलिंग बूथों पर वोटरों की सुविधा के लिए अलग-अलग सुविधाओं जैसे कि वोटरों को आकर्षित करने के लिए गुलाबी और हरे रंग के पोलिंग बूथों के साथ-साथ नौजवानों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अलग बूथ लगाने के लिए भी कहा। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग वोटरों के लिए विशेष सहूलतों का प्रबंध करने के साथ-साथ राज्य भर के हर पोलिंग स्टेशन पर कम से कम एक व्हीलचेयर की उपलब्धता यकीनी बनाने के लिए भी कहा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा को यकीनी बनाने और अमन-कानून की स्थिति कायम रखने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उन्होंने केंद्रीय बलों की तैनाती और अन्य प्रबंधों का जायज़ा लिया। इसके साथ ही उन्होंने ज़िला अधिकारियों से वोटर सूचियों की अंतिम प्रकाशना की स्थिति और वोटर स्लिपों के वितरण के प्रबंधों के बारे भी जानकारी माँगी ।मीटिंग के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग की हिदायतों अनुसार पोस्टल बैलटों की प्राप्ति के प्रबंधन, स्ट्रांग रूमों में सुरक्षा प्रबंधों और सी. सी. टी. वी/ वीडीओग्राफी सैट्टअप्प के लिए उचित प्रबंधों की समीक्षा भी की। उन्होंने गिनती केन्द्रों में हरेक टेबल पर माईक्रो-ऑब्ज़रवर तैनात करने और काऊंटिंग हालों में उचित प्रबंध यकीनी बनाने की महत्ता पर भी ज़ोर दिया।

सिबिन सी ने गिनती केन्द्रों के अंदर और बाहर बैरीकेडिंग और गिनती केन्द्रों तक ई. वी. एम. मशीनें लेकर जाने वाले रास्तों का जायज़ा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को यह यकीनी बनाने के लिए कहा कि आयोग की हिदायतों अनुसार वी. वी. पी. ए. टी. पेपर स्लिपों की तस्दीक के लिए इन क्षेत्रों को उचित ढंग के साथ सैनीटाईज़ करने के लिए ज़रुरी कदम उठाए जाएँ।उन्होंने पोलिंग स्टेशनों पर इन्टरनेट के लिए उचित प्रबंध करने के लिए भी कहा ।उन्होंने अधिकारियों को ऐनकोर एप पर वोटर टर्न-आउट डाटा दाखिल करने के लिए सुचारू प्रबंध करने के लिए कहते हुये दफ़्तर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वैबसाईट के द्वारा समय पर रिपोर्टें भेजने के निर्देश भी दिए जिससे पोलिंग डाटा को उचित ढंग के साथ इकट्ठा किया जा सके।

इस मौके पर कानून और व्यवस्था संबधी विशेष डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस अर्पित शुक्ला ने भी ज़िला पुलिस अधिकारियों को हिदायत की कि वह सभी राजनैतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए एक समान माहौल यकीनी बनाने के साथ-साथ मतदान के दौरान डराने-धमकाने और भम्रित करने की कार्यवाहियों पर नजदीकी नज़र रखते हुये राज्य में अमन कानून की स्थिति को कायम रखें। मीटिंग के दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरीश नैयर और अभिजीत कपलिश, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सकत्तर सिंह बल्ल और मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ़्तर के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।







